म.प्र.पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड,
कार्यालय अति. मुख्य अभियंता (अति उच्च दाब-निर्माण),
एफ-3, ट्रांसको प्रशासकीय भवन, बिजली नगर कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल म.प्र 462023
E-Mail : se_eht_bpl@yahoo.com, दूरभाष क्रमांक - 0755-2600808
(पंजीकृत कार्यालय ब्लॉक क्रं2 ., शक्ति भवन, पोस्ट आफिस विधुत नगर जबलपुर- 482048)

क्रमांक: 73210/क्रय/2017-18/TS/**2737** भोपाल दिनांक : **23/03/2018**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण की सूचना क्रमांक 15

म.प्र.पा.ट्रांस.कं.लिमि. के अंतर्गत निम्न विभिन्न स्थानों पर, सिविल निर्माण कार्यो हेतु समान प्रकृति के कार्यो के अनुभवी एवं केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत म.प्र.शासन लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत अथवा निम्न सारणी में दर्शाए गए अनुभव एवं वित्तीय अहर्ताओं को पूर्ण करने वाले ठेकेदारों से प्रपत्र "अ" में लोक निर्माण विभाग, म.प्र.शासन के दिनांक 01/08/2014 से प्रभावशील एस.ओ.आर. (बिल्डिंग कार्य हेतु) निविदा खुलने की दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित, जिसमें किसी भी सामग्री की लीड अलग से देय नहीं होगी, की दरों एवं निर्धारित आधार दरों के सापेक्ष, समतुल्य अथवा कम/अधिक (प्रतिशत) दरों पर तथा आयटम दर हेतु मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है : -

क्रं	निविदा वेशेषीकरण क्रमांक	स्थान एवं कार्य का नाम	अनुमानित संविदा राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा काल सहित	न्यूनतम वांछित कार्य अनुभव (पीस मील कार्यो सहित)	वांछित वित्तीय अर्हतायें			निविदा प्राप्त करने/जमा करने की अंतिम तिथि
								नेटवर्थ	विगत तीन वित्तीय वर्षो का न्यूनतम औसत टर्न ओवर	वर्किंग कैपिटल (बैंक द्वारा जारी फंड बेस्ड लाईन आफ क्रेडिट सहित)	
1.	अधी./यं./17-18/371	म.प्र.पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, के बिजली नगर कालोनी, गोविन्दपुरा भोपाल स्थित प्रशासकीय भवन में हाऊस कीपिंग सेवायें प्रदाय करने विषयक।	रू. 10.14 लाख	रू. 1120/- (जी.एस.टी. सहित)	रू. 21000/-	12 माह	रू 5.10 लाख	पाजीटिव	रू.4.10 लाख	रू. 3.10 लाख	20.04.18 21.04.18

केन्द्रीकृत पंजीयत प्रणाली के अंतर्गत म.प्र.शासन लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार अथवा अनुभव की अहर्ताओं के आधार पर, दोनों श्रेणी के ठेकेदारों को ई.पी.एफ., जी.एस.टी. में पंजीकृत/पंजीकरण हेतु आवेदन का प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रदान की जावेगी ।

अनुभव प्रमाण-पत्र जो संबंधित विभाग के कार्यपालन इंजीनियर अथवा समकक्ष अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो को भी निविदा के साथ जमा कराया जाना आवश्यक होगा ।

जी.एस.टी. भारत सरकार के जी.एस.टी. अधिनियम के नियमानुसार प्रभावशाली रहेगा । धरोहर राशि राष्ट्रीकृत बैंकों द्वारा जारी ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक जो क्षेत्रीय लेखाधिकारी, म.प्र.पा.ट्रांस.कं.लिमि., भोपाल को देय हो, में ही स्वीकार की जावेगी । धरोहर राशि अलग लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न होना चाहिये । बिना धरोहर राशि के अथवा धरोहर राशि उपरोक्त के अलावा अन्य रूप में होने पर निविदा की अगली निर्धारित प्रक्रिया में निविदाकार को सम्मिलित नहीं किया जावेगा । केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीयन प्रमाण पत्र अथवा अनुभव संबंधी दस्तावेज भी अलग लिफाफे में निर्धारित प्रपत्र में भरकर निविदा के साथ जमा किया जाना आवश्यक होगा जिसकी जॉच के उपरांत ही योग्य पाये जाने पर ही निविदा की मूल्य बोली खोली जावेगी । निविदा प्रपत्र की मूल्य राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि क्षेत्रीय लेखाधिकारी, म.प्र.पा.ट्रांस.कं.लिमि., भोपाल के पक्ष में देय हो द्वारा ही स्वीकार्य होगी । निविदा प्रपत्र दिनांक 20/04/2018 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकेंगें एवं निविदा प्रपत्र म.प्र.पा.ट्रां.कं.लिमि. की वेबसाइट **www.mptransco.nic.in** से भी डाउनलोड किए जा सकेंगें । उक्त निविदायें दिनांक 21/04/2018 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकेगी एवं उसी दिन 15:15 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी । इन तिथियों में अवकाश घोषित होने पर तत्संबंधी कार्यवाही अगले कार्यदिवस में की जावेगी । यदि निविदा में भाग लेने वाले सभी निविदाकार केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत है तो प्राईस बिड उपरोक्त सारणी में दर्शायी गई तिथि को खोली जावेगी ।

बिना कोई कारण बताये/पूर्ण सूचना के निविदा/निविदा सूचना को पूर्णत:/आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा अमान्य/रद्द करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा । अन्य विवरण हेतु वेबसाइट **www.mptransco.nic.in** पर देखा जा सकता है ।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता (अ.उ.दा.-निर्माण)
म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड, भोपाल

क्रमांक: 73210/क्रय/2017-18/TS/**2737** भोपाल दिनांक : **23/03/2018**

प्रतिलिपि: -

1. मुख्य अभियंता (अति उच्च दाब-निर्माण) म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर ।
2. मुख्य अभियंता (ट्रांसको) मध्यक्षेत्र, म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड, भोपाल ।
3. कार्यपालन अभियंता (अ.उ.दा.-निर्माण) संभाग भोपाल **I/II** /इटारसी म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड ।
4. मेसर्स ठेकेदार श्री ..... ।
5. अधीक्षण अभियंता (आई.टी.) कार्या: मुख्य अभियंता (पी एंड डी) म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड, जबलपुर की ओर सूचनार्थ एवं संबंधित हेतु म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड की वेबसाइट पर उक्त निविदा सूचना के प्रकाशन (म.प्र.पा.ट्रांस.कं.लिमि. की वेबसाइट से डाउनलोडिंग किये जा सकने की सुविधा सहित) हेतु ई-मेल किया गया ।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता (अ.उ.दा.-निर्माण)
म.प्र.पॉवर ट्रांस. कम्पनी लिमिटेड, भोपाल